KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
## Biology - MCQ (52)

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, मानव शरीर में संगृहीत नहीं रहता है?
(a) ग्लाइकोजन (b) एमीनो अम्ल
(c) वसा (d) टोकोफेरॉल

**2.** अधिकांश प्राणियों के जीवित पदार्थ का लगभग 80% पदार्थ है-
(a) प्रोटीन (b) वसा
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) खनिज

**3.** निम्नलिखित जन्तु ऊतकों में से कौन-सा ऊतक हार्मोन और ऊष्मा का परिवहन करता है और जल संतुलन बनाये रखता है?
(a) संयोजी ऊतक (b) पेशीय ऊत्तर
(c) रक्त (d) तंत्रिका ऊतक

**4.** प्रत्यस्थ (एलास्टिक) ऊतक (टिश्यु) जो हड्डियों को एक साथ पकड़े रहते हैं, उन्हें कहते हैं-
(a) स्नायु (b) तन्तुमय ऊतक
(c) फाइब्रिन् (d) मांसपेशीय ऊतक

**5.** कोशिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?
(a) कोशिकाओं के आकार और माप विशिष्ट कार्य से सम्बन्धित होते हैं
(b) कुछ कोशिकाओं के बदलते आकार होते हैं
(c) प्रत्येक कोशिका में निष्पादन की अपनी क्षमता होती है
(d) सभी देह ऊतकों में एक ही प्रकार की कोशिकाएं विद्यमान होती है

**6.** क्षतिग्रस्त ऊतक की वृद्धि और मरम्मत में क्या शामिल है?
(a) केवल सूत्री कोशिका विभाजन
(b) सूत्री और अर्धसूत्री कोशिका विभाजन दोनों
(c) केवल अर्धसूत्री कोशिका विभाजन
(d) केवल असूत्री कोशिका विभाजन

**7.** निम्नलिखित ऊतक प्रकारों में से किसमें, संकुचनशील प्रोटीन होते हैं?
(a) तंत्रिका ऊतक (b) पेशी ऊतक
(c) अस्थि ऊतक (d) रुधिर ऊतक

**8.** रक्त एक प्रकार का
(a) उपकला (एपिथीलियमी) ऊतक है
(b) पेशी ऊतक है
(c) तंत्रिका ऊतक है
(d) संयोजी ऊतक है

**9.** प्राणियों में, निम्नलिखित में से किस प्रकार के संयोजी ऊतकों में वसा संग्रहित होती है?
(a) एडिपोसाइट (b) उपास्थ्यणु
(c) अस्थ्यणु (d) जालिकाणु

**10.** संयोजी ऊतकों में निम्नलिखित संरचनाओं अथवा कोशिकाओं में से कौन-सा एक, उपस्थित नहीं होता है?
(a) उपास्थ्यणु (b) तंत्रिकाक्ष
(c) कोलैजन फाइबर (d) लिम्फोसाइट

**11.** जब किसी वृक्ष की छाल, वृक्ष के आधार के पास से गोलाकार चारों तरफ से हटा दी जाती है, तो यह वृक्ष धीरे-धीरे सूख कर मर जाता है, क्योंकि-
(a) मृदा से जल वायवीय अंगों में नहीं पहुँच पाता
(b) जड़ें ऊर्जा से वंचित रह जाती है
(c) वृक्ष मृदा-जीवाणुओं से संक्रमित हो जाता है
(d) जड़ों के श्वसन हेतु ऑक्सीजन नहीं प्राप्त हो पाता

**12.** पेड़-पौधों में 'जाइलम' मुख्यत: जिम्मेदार है-
(a) आहार-वहन के लिए
(b) अमीनो एसिड वहन के लिए
(c) जल-वहन के लिए
(d) ऑक्सीजन वहन के लिए

**13.** संवहनी (Vascular) पौधों में पानी ऊपर किससे जाता है?
(a) फ्लोएम टिशू (b) पैरेनकाइमा टिशू
(c) मेरिस्टेम (d) जाइलम टिशू

**14.** पेड़ की आयु का पता लगाया जा सकता है-
(a) पेड़ की पत्तियों की गणना करके
(b) उसके धड़ (Trunk) पर वलयों की संख्या (Number of rings) की गणना करके
(c) पेड़ की शाखाओं की गणना करके
(d) उस की ऊँचाई का माप करके

15. कौन-सा जीवित ऊतक, उच्चवर्गीय पौधों में, जैव पोषक वाहक का कार्य करता है?
(a) जाइलम (b) फ्लोएम
(c) कोर्टेक्स (d) एपीडर्मिस

16. अन्त:जाइलमी (इन्ट्राजाइलरी) फ्लोएम पाया जाता है
(a) एकाइरैन्थस में (b) बोरहेविया में
(c) ड्रैसीना में (d) स्ट्रिकनॉ में

17. एक काष्ठीय पौधे की आंतरिक छाल का मुख्य कार्य क्या है?
(a) जड़ों से पत्तियों को खनिज और जल का परिवहन करना
(b) एक झिल्ली की तरह कार्य करना जो जल और गैस के प्रति अपारगम्य है
(c) पत्तियों से पौधे के अन्य भागों को खाद्य का परिवहन करना
(d) पौधे की, शाकभक्षी जन्तुओं से रक्षा करना

18. पौधे के कुछ भाग मोड़ने पर बिना टूटे आसानी से मोड़े जा सकते हैं। कुछ भागों, जैसे पत्तों और तनों, की इस नम्यता का कारण किसकी बहुतायत को माना जा सकता है?
(a) मृदूत्तक (b) श्लेषोतक
(c) दृढ़ोतक (d) दारु और पोषवाह

19. पादपों में मेरिस्टमी ऊतकों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) ये मृत ऊतक हैं और काष्ठ में परिवर्तित होते हैं
(b) अपनी मोटी हो चुकी भित्तियों के कारण, ये पादप को नम्यता (लचीलापन) प्रदान करते हैं
(c) ये केवल किसी वृक्ष का छाल में होते हैं
(d) इन ऊतकों की कोशिकाओं के विभाजन के कारण पादपों में वृद्धि होती है

20. एक बढ़ रहे तरूण पादप की शीर्षस्य विभज्या को क्षति पहुँचने पर प्रभाव पड़ेगा।
(a) पादप की लम्बाई पर (b) पुष्प के रंग पर
(c) पत्तियों के रंग पर (d) फलों के स्वाद पर

21. पादपों में संवहन ऊतक का एक घटक निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?
(a) रेशा (b) वाहिनिका
(c) परिरंभ (d) चालनी नलिका

22. निम्नलिखित में से किस एक जीव में संवहन ऊतक पाये जाते हैं?
(a) क्लैडोफोरा (b) पेनिसिलियम
(c) मार्सीलिया (d) ऐनाबीना

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?
(a) जाइलम वाहिनियों (ट्रेकिइड्स), वाहिकाओं (वेसल्स), जाइलम मृदूतक (पैरेकाइमा) और जाइलम तंतुओं से बना होता हैं
(b) पादपों में नम्यता (लचीलापन) दढ़ोत्तकों के कारण होता है।
(c) मृदूतक में अंतर-कोशिकीय स्थान नहीं होता है।
(d) जाइलम चालनी पट्टिका, चालनी नलिका और सहचर कोशिकाओं से बना होता है।

24. किसी पौधों के तने के घेरे को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक उत्तरदायी होता है?
(a) वाहिनिका (b) परिरंभ
(c) अंतर्वेशी विभज्योतक (d) विभज्योतक

25. यदि पादप के जाइलम को यांत्रिकत: अवरुद्ध कर दिया जाए तब पाइप का निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य प्रभावित होगा?
(a) केवल जल का अभिगमन
(b) जल और विलेयों का अभिगमन
(c) केवल विलेयों का अभिगमन
(d) गैसों का अभिगमन

26. पौधों में पानी पहुंचाया जाता है-
(a) जाइलम द्वारा (b) एपिडर्मिस द्वारा
(c) फ्लोएम द्वारा (d) कैम्बियम द्वारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

27. पादप ऊतक 'हरित ऊतक' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. यह खम्भ और स्पंजी पर्णमध्योतक द्वारा बनता है
2. यह पैरेन्काइमा का एक रूप है जिसमें क्लोरोप्लास्ट होता है
3. यह प्रकाश-संश्लेषण द्वारा बनाए गए कार्बनिक विलेय के परिवहन करने का कार्य करता है
4. यह एक पतली पारदर्शी परत है जो मुख्य रूप से एक सुरक्षात्मक कार्य करती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 4 (d) केवल 1

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (B) | 02. | (A) | 03. | (C) | 04. | (A) | 05. | (D) |
| 06. | (A) | 07. | (B) | 08. | (D) | 09. | (A) | 10. | (B) |
| 11. | (B) | 12. | (C) | 13. | (D) | 14. | (B) | 15. | (B) |
| 16. | (D) | 17. | (C) | 18. | (B) | 19. | (D) | 20. | (A) |
| 21. | (C) | 22. | (C) | 23. | (A) | 24. | (D) | 25. | (B) |
| 26. | (A) | 27. | (B) | | | | | | |

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# History -MCQ (52)

**1.** संगम साहित्य में 'कावेरीपत्तनम' का सम्बन्ध किससे है?
(a) चोलों से (b) पाण्ड्यों से
(c) चेरों से (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2.** निम्नलिखित राजवंशों से किसका उल्लेख संगम साहित्य में नहीं हुआ है?
(a) कदम्ब (b) चेर
(c) चोल (d) पाण्ड्य

**3.** संगम युग में कौन-सा राज्य नहीं था-
(a) चोल (b) चेर
(c) पांड्य (d) पल्लव

**4.** 'पादिरूप्पतु' किन राजाओं की स्तुतिपरक कविताओं का संग्रह है?
(a) चेर (b) चोल
(c) पाण्ड्य (d) तोडियमान

**5.** पांड्य केन्द्रित थे-
(a) मदुरै (b) तंजौर
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) कावेरीपत्तन

**6.** किस वंश के राजा ने रोम राज्य में एक दूत 26 ई.पू. में भेजा था?
(a) चोल (b) चेर
(c) पांड्य (d) चालुक्य

**7.** किसके संरक्षण में संगम साहित्य की रचना की गई थी?
(a) चोल (b) चेर
(c) पाण्ड्य (d) चालुक्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक महत्वपूर्ण पांड्य बंदरगाह था, जिसकी प्रसिद्धि संगम काव्यों तथा यूनानी वृत्तांतों में मोतियों के लिए लिपिबद्ध है?
(a) मुसीरी (b) कोरकई
(c) पुहार (d) अरिकामेडु

**9.** निम्नलिखित में से कौन तमिल व्याकरण ग्रंथ है?
(a) पत्तुपत्तु (b) इत्तुतोगइ
(c) शिल्पादिकारम् (d) तोल्काप्पियम्

**10.** संगम ग्रन्थ तोल्काप्पियम् किस विषय पर आधारित है?
(a) खगोल विद्या (b) व्याकरण
(c) संगीत (d) औषधि

**11.** संगम तमिलों का प्राचीनतम उपलब्ध ग्रंथ है-
(a) पटिटनप्पालै (b) तिरुमुरुगारुप्पड़ै
(c) मदुरैकांची (d) तोल्काप्पियम्

**12.** निम्नलिखित तमिल ग्रन्थों में किसे 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है?
(a) नन्दिकलम्बकम् (b) कलिंगपुत्तपर्णि
(c) पेरियापुराणम् (d) कुरल

**13.** शिलप्पादिकारम् का लेखक था-
(a) इलंगो (b) परणर
(c) करिकाल (d) विष्णुस्वामिन

**14.** किस लेखक को शास्त्रीय तमिल महाकाव्य 'शिल्पादिकारम्' की रचना का श्रेय जाता है?
(a) अगस्त्य (b) इंगलो अडिगल
(c) सीतले सत्तनार (d) तोलकप्पियर

**15.** पतिव्रता पत्नी की पूजा को किस तमिल ग्रंथ में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है?
(a) अकननुरु (b) शिलप्पादिकारम्
(c) तोलकप्पियम् (d) मणिमेखलै

**16.** महाकाव्य शिलप्पादिकरम किससे संबंधित है?
(a) राम की कहानी
(b) कथानक में जैन तत्व
(c) श्रीलंका के बौद्धों की संस्कृति
(d) शक्ति उपासना की पूजा-पद्धति

**17.** पाँचवीं सदी के तमिल महाकाव्य शिल्पादिकारम में किस नदी की स्तुति की गई है?
(a) कावेरी (b) गोदावरी
(c) सरस्वती (d) गंगा

**18.** प्रारम्भिक तमिल साहित्य में निम्नलिखित में से कौन-से महाकाव्य थे?
(a) तोल्काप्पियम् एवं तिरुक्कुरल
(b) अहनानुरु एवं पुरनानुरु
(c) पादिरुपत्तु एवं मदुरैक्कांची
(d) शिल्पादिकारम् एवं मणिमेखलै

**19.** शैव संतों के लेखन के संग्रह को पाँचवाँ वेद भी समझा जाता है। उपरोक्त संग्रह का क्या नाम है?
(a) शिलप्पादिकारम् (b) मणिमेखलै
(c) तिरुमुराय (d) तोलकप्पियम

**20.** 'संगम-काल' में तमिल भाषा में 'महाभारत' लिखने वाला कौन था?
(a) कम्बन (b) कुट्टन
(c) विल्लीपुतर अलवार
(d) पेरुन्देवनार

**21.** निम्नलिखित में से कौन महाभारत के तेलुगु अनुवादों के लिए विख्यात है?
नीचे दिए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
1. कम्बन 2. कुट्टन
3. नन्नय 4. टिक्कन
कूट :
(a) केवल 1, 2 (b) केवल 2, 3
(c) केवल 3, 4 (d) केवल 4, 1

**22.** मणिमेखलै के लेखक के लेखक कौन है?
(a) कोवालन (b) सीतसैत्तनार
(c) इलांगो अडिगल (d) तिरुतक्कातेवर

**23.** निम्नलिखित में से कौन श्रीलंका का संगम कवि था?
(a) गजबाहु (b) इलत्तु पूदन देवनार
(c) इलम्बोधियार (d) तेरदरन

**24.** तयोमंवर (तायुमानवर) की सित्तार कविता क्यों प्रसिद्ध थी?
(a) ये रचनाएं राष्ट्रवादी कृतियाँ थीं।
(b) ये रचनाएं रोमानी महाकाव्य थे
(c) ये रचनाएं भक्ति गीत थीं
(d) रचनाएं जाति व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह स्वरूप थी।

**25.** प्राचीन भारत (Ancient India) में संगम क्या था?
(a) तमिल कवियों का संघ या मण्डल
(b) तमिल राजाओं के दरबारी कवि
(c) तमिल बस्ती
(d) महापाषाण कब्रें

**26.** संगम साहित्य किस भाषा में लिखा गया है?
(a) तमिल (b) संस्कृत
(c) मराठी (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** तृतीय संगम हुआ था-
(a) अरिकामेडु में (b) इरनाकुलम में
(c) मदुरई में (d) तुतीकोरिन में

**28.** तमिलकम प्राचीन तमिल देश का नाम था जिससमें सम्मिलित था
(a) आज का तमिलनाडु और उसके साथ-साथ श्रीलंका के कुछ भाग
(b) वर्तमान तिरुपति पहाड़ियाँ तथा प्रायद्वीप के सुदूर दक्षिणी छोर के मध्य का भूभाग
(c) आज का तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र
(d) आज का केरल, तेलंगाना तथा कर्नाटक

**29.** कसंगम कालीन साहित्य में कोनको एवं मन्नन किसके लिए प्रयुक्त होते थे?
(a) प्रधानमंत्री (b) राजस्व मंत्री
(c) सेनाधिकारी (d) राजा

**30.** यूनानी-रोमन व्यापारियों को यवन के रूप में कहाँ उल्लिखित किया गया है?
(a) अर्थशास्त्र में (b) अशोक के अभिलेख में
(c) अष्टाध्यायी में (d) संगम साहित्य में

**31.** निम्नलिखित में से कौन-से संगम पत्तन पश्चिमी तट पर स्थित थे? नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. कोरकै 2. पुहार
3. तोण्डी 4. मुशिरि
कूट :
(a) केवल 1 एवं 2 (b) केवल 2 एवं 3
(c) केवल 3 एवं 4 (d) केवल 4 एवं 1

**32.** निम्नलिखित में से किस बंदरगाह को "पेरिप्लस ऑफ दि एरिथ्रियन सी" का लेखक पेडोक (पोडुके) के रूप में जाना जाता था?
(a) ताम्रलिप्ति (b) अरिकामेडु
(c) भड़ौंच (d) कोचीन

**33.** भारत के संदर्भ में मानसून की खोज किसने की थी?
(a) स्ट्रेगबो (b) टॉलेमी
(c) हिप्पोलस (d) एरियन

**34.** निम्नलिखित में से किस नदी के मुहाने पर प्राचीन पत्तन पुहार स्थित था?
(a) कावेरी (b) पेरियार
(c) ताम्रपर्णि (d) वैगइ

**35.** तमिल संगम ग्रंथों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन बड़े भूस्वामी रहे थे?
(a) गहपति (b) उञ्हावर
(c) अडिमाई (d) वेल्लालर

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | 02. | (A) | 03. | (D) | 04. | (A) | 05. | (A) |
| 06. | (C) | 07. | (C) | 08. | (B) | 09. | (D) | 10. | (B) |
| 11. | (D) | 12. | (D) | 13. | (A) | 14. | (B) | 15. | (B) |
| 16. | (D) | 17. | (A) | 18. | (D) | 19. | (C) | 20. | (C) |
| 21. | (C) | 22. | (B) | 23. | (C) | 24. | (D) | 25. | (A) |
| 26. | (A) | 27. | (C) | 28. | (D) | 29. | (D) | 30. | (D) |
| 31. | (C) | 32. | (B) | 33. | (C) | 34. | (A) | 35. | (D) |

# KHAN GLOBAL STUDIES

KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

## BPSC Mentorship
## Current Affairs - MCQ (52)

1. किस राज्य की पुलिस ने तीर्थ व पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए 'ऑपरेशन मर्यादा' शुरू किया है?
(a) उत्तराखंड (b) तमिलनाडु
(c) राज्यस्थान (d) उत्तर प्रदेश

2. 5 मई को नीरज चोपड़ा ने 88.67 मीटर दूर भाला फेंक कर ....... में आयोजित डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया।
(a) आबू धाबी (b) टोक्यो
(c) दोहा (d) रियाद

3. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन द्वारा जारी राष्ट्रीय विनिर्माण नवाचार सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार सर्वाधिक ''अभिनव'' राज्य कौन सा है?
(a) ओड़िशा (b) तेलंगाना
(c) केरल (d) कर्नाटक

4. अंतराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में भारत की रैंकिंग क्या है?
(a) 152वीं (b) 160वीं
(c) 159वीं (d) 161वीं

5. रूस के इयान नेपोमनियात्ची को हराकर डिंग लिरेन किस देश के प्रथम पुरुष विश्व शतरंज चौंपियन बन गए हैं ?
(a) कनाडा (b) मलेशिया
(c) जापान (d) चीन

6. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) से संबंधित निम्नलिखित कथनों में कौन सा कथन सत्य है?
(a) मई 2023 में SCO की विदेश मंत्री परिषद की बैठक भारत की अध्यक्षता में गोवा में आयोजित की गई।
(b) 2023 में एससीओ की अध्यक्षता के लिए भारत का विषय 'SECURE-SCO' है।
(c) SCO परिषद के राष्ट्राध्यक्षों का 22वां शिखर सम्मेलन 4 जुलाई 2023 को वर्चुअल रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता पीएम मोदी करेंगे.
(d) उपर्युक्त सभी

7. दुबई में आयोजित बैडमिंटन एशिया चौंपियनशिप 2023 में पुरुष युगल इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन जोड़ी कौन बन गई है?
(a) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी
(b) किदांबी श्रीकांत और पारुपल्ली कश्यप
(c) सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और पारुपल्ली कश्यप
(d) श्रीकांत किदांबी और चिराग शेट्टी

8. प्रथम आसियान- इंडिया मैरीटाइम एक्सरसाइज (AIME - 2023) की मेजबानी किस देश द्वारा की गई ?
(a) मलेशिया (b) जापान
(c) वियतनाम (d) सिंगापुर

9. नागरिक विमानन मंत्रालय (MoCA) की घोषणा के अनुसार भारत किस वर्ष से अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन (CORSIA) और लॉन्ग-टर्म ग्लोबल एस्पिरेशनल गोल्स (LTAG) में भाग लेगा?
(a) 2026 (b) 2027
(c) 2025 (d) 2028

10. DRDO और भारतीय नौसेना ने 27 अप्रैल, 2023 को किस तट से IL 38SD विमान से 'ADC-150' का पहला सफल परीक्षण किया।
(a) कोलकाता (b) चेन्नई
(c) गोवा (d) कोच्चि

11. 'भारत माला' परियोजना के तहत किस राज्य के जोगीघोपा में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण किया जा रहा है?
(a) ओड़िशा (b) महाराष्ट्र
(c) गुजरात (d) असम

12. भारत ने चक्रवात मोचा से प्रभावित किस देश में लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए ''ऑपरेशन करुणा'' शुरू किया है?
(a) बांग्लादेश (b) म्यांमार
(c) थाईलैंड (d) इंडोनेशिया

13. हाल ही में आईपीएल के इतिहास में 7,000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
(a) डेविड वार्नर (b) शिखर धवन
(c) विराट कोहली (d) रोहित शर्मा

14. हाल ही में किस राज्य के 'मिर्चा चाव' को GI टैग प्रदान किया गया है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) नागालैंड
(c) बिहार (d) असम

15. तटीय कटाव और जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए देश की पहली पुनर्वास कॉलोनी किस राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही है?
(a) ओड़िशा (b) पश्चिम बंगाल
(c) आंध्र प्रदेश (d) तमिलनाडु

16. हाल ही में हुए निधन के संबंध में कौन सुमेलित है?

| | **व्यक्ति** | **संबंधित क्षेत्र** |
|---|---|---|
| (a) | डां. एन. गोपालकृष्णन | - वैज्ञानिक |
| (b) | प्रकाश सिंह बादल | - पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री |
| (c) | कराइकुडी आर. मणि | - मृगगम वादक |
| (d) | उपर्युक्त सभी | |

17. हाल ही में हुए नियुक्ति के संबंध में कौन सुमेलित है-
(a) अनंत माहेश्वरी - NASSCOM के अध्यक्ष
(b) मोहम्मद शहाबुदीन - बांग्लादेश के राष्ट्रपति
(c) सैटियागो पेना - पराग्वे के राष्ट्रपति
(d) उपर्युक्त सभी

**18.** निम्नलिखित में से किसे एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी ऑफ इंडिया का पहला गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया है?
(a) जयंत वी. नार्लीकर (b) के. कस्तूरीरंगन
(c) एस बालासुब्रमण्यम (d) एस राधाकृष्णन

**19.** 49 वें G7 शिखर सम्मेलन के संबंध में कौन सा कथन सत्य है ?
(a) यह सम्मेलन 19 से 21 मई 2023 तक हिरोशिमा शहर में आयोजित किया गया था ।
(b) इस शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने जापान के हिरोशिमा में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण भी किया।
(c) इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने दस सूत्रीय कार्य योजना को रखा।
(d) उपर्युक्त सभी

**20.** हाल ही में 13वें भारत रत्न डॉ अंबेडकर पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया है?
(a) अमित शाह (b) योगी आदित्यनाथ
(c) राजनाथ सिंह (d) नीतीश कुमार

**21.** भारत के लिए पहले C - 295 मध्यम परिवहन सामरिक विमान ने स्पेन में सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की। इसके संबंध में कौन सा कथन सत्य है?
(a) सितंबर 2021 में रक्षा मंत्रालय ने Airbus Defence and Space के साथ 56 C-295 विमानों के लिए एक अनुबंध किया था।
(b) 16 सी - 295 को निर्माता से खरीदा जाएगा।
(c) शेष 40 विमान भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) द्वारा दोनों कंपनियों के बीच एक औद्योगिक साझेदारी के हिस्से के रूप में निर्मित और असेंबल किए जाएंगे।
(d) उपर्युक्त सभी

**22.** किस देश में माइटोकॉन्ड्रियल डोनर उपचार विधि से पहले थ्री पेरेंट्स बच्चे का जन्म हुआ है?
(a) फ्रांस (b) इटली
(c) चीन (d) ब्रिटेन

**23.** लंदन में ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स तृतीय एवं महारानी कैमिला के राज्याभिषेक समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया?
(a) उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़
(b) गृहमंत्री अमित शाह
(c) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
(d) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**24.** राज्य में रोबोटिक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए रोडमैप प्रदान करने हेतु रोबोटिकस फ्रेमवर्क शुरू करने वाला देश का पहला राज्य कौन सा है?
(a) गुजरात (b) केरल
(c) तेलंगाना (d) कर्नाटक

**25.** हाल ही में चर्चा में रहा मैतेई (मेइती) जनजाति समूह किस राज्य से संबंधित है?
(a) मणिपुर (b) असम
(c) नागालैंड (d) अरुणाचल प्रदेश

**26.** 4 मई 2023 को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने किस राज्य में स्थित दावकी (डॉकी) भूमि बंदरगाह का उद्घाटन किया?
(a) पश्चिम बंगाल (b) त्रिपुरा
(c) मेघालय (d) असम

**27.** राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के आधार पर एक राज्य स्तरीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क जारी करने वाला प्रथम राज्य बन गया है?
(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) तेलंगाना (d) आन्ध्र प्रदेश

**28.** पुलित्जर पुरस्कार 2023 के संबंध में कौन सा कथन सत्य है?
(a) एसोसिएटेड प्रेस ने लोक सेवा श्रेणी के तहत पत्रकारिता में 2023 का पुलित्जर पुरस्कार जीता।
(b) डेमन कॉपरहेड, बारबरा किंग्सोल्वर (हार्पर) और ट्रस्ट द्वारा, हर्नान डियाज (रिवरहेड बुक्स) द्वारा फिक्शन श्रेणी के तहत पुस्तकों, नाटक और संगीत में 2023 का पुलित्जर पुरस्कार जीता।
(c) न्यूयॉर्क टाइम्स ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के अपने कवरेज के लिए अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग के लिए यह पुरस्कार जीता।
(d) उपर्युक्त सभी

**29.** देश का पहला राज्य ......... बन गया है जहां पर पैदल चलने वालों के लिए "चलने के अधिकार" अर्थात "राइट टू वॉक" का अधिकार होगा।
(a) पंजाब (b) राजस्थान
(c) महाराष्ट्र (d) गुजरात

**30.** देश की पहली पॉड टैक्सी (Pod Taxi) के संचालन के संबंध में कौन सा कथन सत्य है?
(a) देश की पहली पॉड टैक्सी उत्तर प्रदेश में संचालित की जाएगी।
(b) ये पॉड टैक्सी नोएडा जेवर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट से फिल्म सिटी के बीच चलाई जाएगी।
(c) पॉड टैक्सी ऐसे इलेक्ट्रिक वाहलन होते है, जो बिना ड्राइवर के चलते हैं।
(d) इनमें से सभी

**31.** हाल ही में गुच्ची की पहली भारती वैश्विक ब्रांड एंबेसेडर कौन बन गई है?
(a) दीपिका पादुकोण (b) कैटरीना कैफ
(c) प्रियंका चोपड़ा (d) आलिया भट्ठ

**32.** खान मंत्रालय ने 26 मई को IIT बॉम्बे के सहयोग से ....... में भारत का पहला खन स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
(a) मुंबई (b) चेन्नई
(c) पुणे (d) हैदराबा

**33.** हाल ही में भारत का कौन सा हवाई अड्डा निःशुल्क रीडिंग लाउंज प्रदान करने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है ?
(a) सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद
(b) जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना
(c) इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली
(d) लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, वाराणसी

**34.** हाल ही में किसने हेवन -1 नामक दुनिया के पहले वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन को अगस्त 2025 तक लॉन्च करने की घोषणा की है?
(a) ISRO (b) SpaceX
(c) NASA (d) CNSA

**35.** हाल ही में सतत विकास लक्ष्यों की दिशाा में प्रगति को ट्रैक करने वाला पहला शहर कौन बन गया है?
(a) इंदौर (b) लखनऊ
(c) भोपाल (d) जयपुर

**36.** हाल ही में प्रमोद भगत ने थाईलैंड पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में कौन सा पदक जीता है?
(a) स्वर्ण (b) रजत
(c) कांस्य (d) इनमें से कोई नहीं

**37.** हाल ही में आयोजित स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा 2022-23 का खिताब किस टीम ने जीता है?
(a) बार्सिलोना (b) रियल मैड्रिड
(c) मैनचेस्टर यूनाइटेड (d) लिवरपूल

**38.** हाल ही में किस अंतरिक्ष एजेंसी ने चंद्रमा की सिम्यूलेटेड मिट्टी से निर्वात के वातावरण में ऑक्सीजन निकालने में सफलता हासिल की है?
(a) इसरो (b) नासा
(c) JAXA (d) CNES

**39.** ग्रीन ऑर्गनाइजेशन ने किस मेट्रो को 'ग्रीन वर्ल्ड अवार्ड 2023' प्रदान किया?
(a) लखनऊ (b) चेन्नई मेट्रो
(c) दिल्ली मेट्रो (d) कोलकाता मेट्रो

**40.** हाल ही में किसे परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है?
(a) संदीप सिंह (b) पी के अग्रवाल
(c) ए के मोहंती (d) सुनील कुमार श्रीवास्तव

**41.** 12-13 मई, 2023 को छठा हिंद महासागर सम्मेलन (IOC) कहां आयोजित किया गया?
(a) हैदराबाद, भारत (b) कोलंबो, श्रीलंका
(c) माले, मालदीप (d) ढाका, बांग्लादेश

**42.** किस संगठन ने हाल ही में नीति आयोग के साथ मिलकर 'सामाजिक क्षेत्र में सर्वोत्तम अभ्यास एक संग्रह, 2023' जारी किया है?
(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
(b) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(c) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(d) यूनिसेफ

**43.** वित्त मंत्रालय की किस विभाग ने हाल ही में COVID-19 अवधि के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को राहत प्रदान करने के लिए 'विवाद से विश्वास I - MSMEs को राहत' योजना शुरू की है?
(a) राजस्व विभाग
(b) व्यय विभाग
(c) आर्थिक मामलों का विभाग
(d) इनमें से कोई नहीं

**44.** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने 2023-2024 फसल वर्ष के लिए, .......... मिलियन टन (MT) खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है?
(a) 332 मिलियन टन (b) 425 मिलियन टन
(c) 386 मिलियन टन (d) 298 मिलियन टन

**45.** हाल ही में किस राज्य सरकार ने राज्य के युवाओं को विदेशों में करियर बनाने में मदद करने के लिए 'मुख्यमंत्री कौशन उन्नयन और वैश्विक रोजगार योजना को मंजूरी दी है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) उत्तराखंड

**46.** हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति ने संविधाान के पुनर्लेखन के लिए जनमत संग्रह जीता है?
(a) तजाकिस्तान (b) उज्बेकिस्तान
(c) कजाकिस्तान (d) तुर्कमेनिस्तान

**47.** हाल ही में बंगाल की खाड़ी में आये चक्रवाती तूफान 'मोचा' का नामकरण किस देश द्वारा किया गया है?
(a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका
(c) यमन (d) म्यांमार

**48.** तुर्की की मंजूरी के बाद कौन सा देश नाटो का 31वां सदस्य बन गया है?
(a) नॉर्वे (b) स्वीडन
(c) फिनलैंड (d) डेनमार्क

**49.** कांग्रेस के पूर्व नेता और डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद की आत्मकथा ........... का विमोचन नई दिल्ली में किया गया।
(a) आजादी (b) आजाद
(c) संघर्ष (d) स्वतंत्रता

**50.** **10 अप्रैल 2023** को चुनाव आयोग ने किस पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्रदान किया है?
(a) तृणमूल कांग्रेस
(b) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)
(c) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP)
(d) आम आदमी पार्टी (AAP)

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | 02. | (C) | 03. | (D) | 04. | (D) | 05. | (D) |
| 06. | (D) | 07. | (A) | 08. | (D) | 09. | (C) | 10. | (B) |
| 11. | (D) | 12. | (B) | 13. | (C) | 14. | (C) | 15. | (A) |
| 16. | (D) | 17. | (D) | 18. | (A) | 19. | (D) | 20. | (B) |
| 21. | (D) | 22. | (D) | 23. | (A) | 24. | (C) | 25. | (A) |
| 26. | (C) | 27. | (B) | 28. | (D) | 29. | (A) | 30. | (D) |
| 31. | (D) | 32. | (A) | 33. | (D) | 34. | (B) | 35. | (C) |
| 36. | (A) | 37. | (A) | 38. | (B) | 39. | (B) | 40. | (C) |
| 41. | (D) | 42. | (C) | 43. | (B) | 44. | (A) | 45. | (D) |
| 46. | (B) | 47. | (C) | 48. | (C) | 49. | (B) | 50. | (D) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**BPSC - Mentorship**
**Current Affairs Capsule-52**

## राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क 2023

- हाल ही में नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2023 जारी किया गया है। इस संदर्भ में बिहार से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े-
  - आईआईटी पटना को आईआईटी की श्रेणी में 41वां और समग्र श्रेणी में 66वां स्थान दिया गया है।
  - एनआईटी पटना को 56वीं रैंक मिली है।
  - मेडिकल कैटेगरी में एम्स पटना को 27वीं रैंक मिली है।
  - राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय को कृषि की श्रेणी में 33वां स्थान मिला है।

***राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क 2023***

- पिछले वर्षों की तरह, आईआईटी मद्रास ने लगातार पांचवें वर्ष समग्र श्रेणी के तहत नंबर 1 कॉलेज के रूप में और लगातार आठवें वर्ष सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है।
- शीर्ष प्रबंधन कॉलेज प्प्ड अहमदाबाद है
- आईआईएससी बेंगलुरु ने यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है
- मेडिकल कॉलेजों की श्रेणी में एम्स दिल्ली पहले स्थान पर बरकरार है।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड

- दुनिया के सबसे बड़े ओलंपियाड 'साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन' द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड 2022-23 में पटना के तीन छात्रों ने रैंक हासिल की है।
- पटना की अपर्णा झा ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में रैंक-1 और हर्ष कुमार ने इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड में रैंक-1 हासिल किया है।
- इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में पटना के शाश्वत सिंह ने रैंक-2 हासिल की है।

***अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड***

- अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड औपचारिक विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वव्यापी वार्षिक प्रतियोगिताओं का एक समूह है।
- प्रतियोगिताएं प्रत्येक भाग लेने वाले देश के सर्वश्रेष्ठ हाई स्कूल छात्रों के लिए डिजाइन की गई हैं, जिन्हें आंतरिक राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड के माध्यम से चुना गया है।

## राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2022-23

- विश्व खाद्य दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनसुख मंडाविया ने 5वां राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2022-23 जारी किया।

***राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2022-23 परिणाम-***

  - बड़े राज्यों में केरल पहले स्थान पर है। उसके बाद पंजाब दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा.
  - छोटे राज्यों में गोवा पहले, मणिपुर दूसरे और सिक्किम तीसरे स्थान पर रहा।
  - केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर पहले, दिल्ली दूसरे और चंडीगढ़ तीसरे स्थान पर रहा।

## साइबर पुलिस स्टेशन

- हाल ही में पटना का पहला साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित किया गया है।
- डीएसपी को साइबर थाने का प्रभारी बनाया गया है।

***यह निम्नलिखित मामलों से निपट सकता है-***

  - ऑनलाइन/इंटरनेट संबंधी वित्तीय अपराध शिकायत।
  - बच्चों / वयस्कों के विरुद्ध ऑनलाइन / इंटरनेट संबंधी अपराध।
  - महिलाओं के विरुद्ध ऑनलाइन/इंटरनेट उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें ।
  - सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत परिभाषित सभी प्रकार के अपराधों से संबंधित मामले।
  - साइबर क्राइम से जुड़े सभी मामले दर्ज हो सकेंगे.

## बिहार का पहला डाक निर्यात केंद्र

- बिहार का पहला डाक निर्यात केंद्र अगस्त माह तक पटना के जनरल पोस्ट ऑफिस में खुल जायेगा।
- इससे पटना और आसपास के उद्यमियों को विदेश माल भेजने में आसानी होगी।
- इससे पटना और आसपास के इलाकों में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा.

## बिहार में डीएनए परीक्षण इकाई

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नए फैसले के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर और भागलपुर में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में डीएनए टेस्ट हो सकेगा.

***डीएनए परीक्षण***

- आपराधिक जांच में डीएनए परीक्षण एक बहुत शक्तिशाली उपकरण है क्योंकि समान जुड़वां बच्चों के मामले को छोड़कर किसी भी दो लोगों का डीएनए एक जैसा नहीं हो सकता है।
- डीएनए / आनुवंशिक परीक्षण रक्त, बाल, त्वचा, एमनियोटिक द्रव (गर्भावस्था के दौरान भ्रूण को घेरने वाला तरल पदार्थ) या अन्य ऊतक के नमूने पर किया जाता है।

***उपयोगिता***

- डीएनए परीक्षण का उपयोग पुलिस द्वारा आपराधिक जांच में किया जाता है
- जहां वे अपराध स्थल से डीएनए नमूनों का संदिग्ध के डीएनए से मिलान करके संदिग्ध का पता लगाते हैं।
- डीएनए टेस्ट ही एकमात्र उपकरण है जो मां और बच्चों के परित्याग के मामलों में न्याय दिला सकता है।
- यह नागरिक मामलों में भी एक बहुत शक्तिशाली उपकरण है जहां अदालत को भरण-पोषण से संबंधित मामले का फैसला करना होता है और बच्चे के माता-पिता का पता लगाना होता है।
- इनके अलावा और भी कई क्षेत्र हैं जिनकी उपयोगिता अतुलनीय है।

## डिजिटल स्वास्थ्य परियोजना

- डिजिटल हेल्थ प्रोजेक्ट को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बिहार के 4 जिलों मुजफ्फरपुर, नालंदा, गोपालगंज और सिवान में चलाया जा रहा है।
- योजना का उद्देश्य बिहार में डिजिटल स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के विभिन्न हितधारकों के बीच मौजूदा अंतर को पाटना और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।
- इस प्रोजेक्ट को दिसंबर तक राज्य के सभी जिलों में लागू करने की योजना है।

## बिहार सचिवालय टीमः सर्वश्रेष्ठ कलाकार पुरस्कार

- ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन (एआईएए) द्वारा आयोजित 68वीं वार्षिक अखिल भारतीय नाटक और नृत्य प्रतियोगिता 17 जून 2023 को शिमला के ऐतिहासिक कालीबाड़ी हॉल में संपन्न हुई।
- कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की।
- ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन, शिमला के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया डांस एवं ड्रामा प्रतियोगिता में बिहार की सचिवालय टीम को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार दिया गया है।

## बिहार में एनटीपीएस लागू

- बिहार नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम (एनटीपीएस) लागू करने वाला 5वां राज्य बन गया है।
- इसका उद्घाटन वन मंत्री तेजप्रताप यादव ने किया।
- इसके लागू होने से लकड़ी, बांस या अन्य वन उत्पादों की राज्य के भीतर और अंतरराज्यीय आपूर्ति के लिए ऑनलाइन पास जारी किए जाएंगे।

***राष्ट्रीय पारगमन पास प्रणाली:***

- यह प्रणाली निर्बाध तरीके से ट्रांजिट पास जारी करने की सुविधा प्रदान करती है। यह प्रणाली निजी भूमि/सरकारी/निजी डिपो और अन्य लघु वनोपज से लकड़ी और बांस के अंतर-राज्य और अंतर-राज्य परिवहन के लिए पारगमन परमिट की निगरानी और रिकॉर्ड रखने में मदद करती है।

## चौथा राष्ट्रीय जल पुरस्कार

- चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए पुरस्कार वितरण समारोह 17 जून, 2023 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।
- संयुक्त विजेताओं सहित 41 विजेताओं को चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- सभी विजेताओं को 17 जून को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय जल पुरस्कार के तहत बिहार के बेगूसराय के बरौनी थर्मल पावर स्टेशन को पहले स्थान पर चुना गया है।

***राष्ट्रीय जल पुरस्कार***

- सरकार के 'जल समृद्ध भारत' के दृष्टिकोण को पूरा करने में देश भर के राज्यों, जिलों, व्यक्तियों, संगठनों आदि द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों और प्रयासों को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए 2018 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जल पुरस्कार (एनडब्ल्यूए) शुरू किया गया था।
- पुरस्कारों का उद्देश्य जनता को पानी के महत्व के बारे में जागरूक करना और सर्वोत्तम जल उपयोग प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## चौंपियन और चेंज डेल्टा रैंकिंग

- हाल ही में नीति आयोग ने देश के 112 अविकसित आकांक्षी जिलों की अप्रैल 2023 की चौंपियंस ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिंग जारी की है।
- देश के सर्वश्रेष्ठ पांच जिलों की ओवरऑल रैंकिंग में बिहार के गया जिले को दूसरा और जमुई जिले को तीसरा स्थान मिला है।
- गया जिले को कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि जमुई जिला स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में देश में अव्वल है।
- बिहार के 13 जिले देश के आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं।

***नीति आयोग ने डेल्टा रैंकिंग का चौंपियन तय करने के संदर्भ में पांच व्यापक मानदंड तय किये हैं, जो इस प्रकार हैं-***

- स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक
- शिक्षा के मामले में अच्छा काम करने पर 30 फीसदी अंक
- कृषि एवं जल संसाधन के संदर्भ में अच्छा कार्य करने पर 20 प्रतिशत अंक

- वित्तीय समावेशन और कौशल विकास पर अच्छे काम के लिए 10 प्रतिशत अंक
- इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में अच्छा काम करने पर 10 फीसदी अंक दिए जाते हैं।

## कालाजार उन्मूलन

- वर्ष 2013 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना से बिहार को इस वर्ष कालाजार उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त होने की संभावना है।
- इस योजना के तहत बिहार में कालाजार के इलाज वाले मरीज को अस्पताल में भर्ती होने के बाद दैनिक मजदूरी के रूप में रुपया 150 मिलते हैं, कालाजार मरीज को अस्पताल लाने के लिए आशा को प्रोत्साहन राशि के रूप में रुपया 50 दिए जाते हैं।
- भारत में काला-अजार के मामलों में 2007 और 2022 के बीच 98.7% की गिरावट आएगी, जो 44,533 से घटकर 834 हो जाएगी।

***राष्ट्रीय कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम***

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2002 में भारत में कालाजार को वर्ष 2010 तक खघ्त्म करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे संशोधित कर 2015 कर दिया गया।
- भारत ने दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र (एसईएआर) से कालाजार उन्मूलन हासिल करने के लिए बांग्लादेश और नेपाल के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

***कालाजार***

- इसे विसेरल लीशमनियासिस या काला बुखार या दमदम बुखार के रूप में भी जाना जाता है, जो तीन प्रकार के होते हैं:
- विसेरल लीशमनियासिस, जो कई अंगों को प्रभावित करता है और बीमारी का सबसे गंभीर रूप है।
- त्वचीय लीशमनियासिस, जो त्वचा पर घावों का कारण बनता है और सबसे आम रूप है।

## भारत का पहला पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना में देश के पहले पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के भवन परिसर का शिलान्यास किया ।
- यह भारत में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा।
- इस यूनिवर्सिटी को बनाने में करीब 889 करोड़ रुपये की लागत आएगी.
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार बिहार में आठ से दस पंचायतों में एक पशु अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा।

## एल-20 बैठक

- G20 के अंतर्गत L - 20 शिखर सम्मेलन 21 से 23 जून, 2023 तक बिहार के पटना में आयोजित किया गया, जिसमें 'सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा' और 'महिलाएं और कार्य का भविष्य विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

***सम्मेलन का मुख्य विषय था:***

1. सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा निधियों की अंतर्राष्ट्रीय पोर्टेबिलिटी
2. महिलाएं और काम का भविष्य.

***लेबर 20 ( एल20 )***

- L20 G-20 का एक अभिन्न अंग है और G20 स्तर पर श्रमिकों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है।
- यह मंच आम तौर पर कामकाजी लोगों और सीमाओं से परे आबादी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 66% आबादी और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 75% का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 देशों के ट्रेड यूनियनवादियों को एक साथ लाने का प्रयास करता है।

## राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

- 22 जून 2023 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 2022 और 2023 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली देशभर की 15-15 नर्सों को सम्मानित किया गया।
- बिहार के शेखपुरा जिले की एएनएम गायत्री कुमारी को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, नर्सिंग के क्षेत्र में सेवा के लिए गायत्री कुमारी को यह पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1973 में भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी।

***राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार के बारे में:***

- 1973 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित
- यह पुरस्कार नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं को मान्यता देता है।
- इस पुरस्कार में 50000/- रुपये का नकद, एक प्रमाण पत्र और एक पदक शामिल है।

***अतिरिक्त जानकारी***

***फ्लोरेंस नाइटिंगेल के बारे में***

- वह एक ब्रिटिश नर्स, सांख्यिकीविद और समाज सुधारक थीं, जो आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक दार्शनिक थीं। ख नर्सिंग शिक्षा को औपचारिक बनाने के उनके प्रयासों ने उन्हें लंदन में पहला वैज्ञानिक रूप से आधारित नर्सिंग स्कूल-नाइटिंगेल स्कूल ऑफ नर्सिंग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

●●●

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**BPSC - Mentorship**
**SAMPADKIYE**

## सर्वोच्च न्यायालय के दो निर्णय और जवाबदेही का सिद्धांत

**संदर्भः**

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की **दो संविधान पीठों ने पिछले सप्ताह महत्वपूर्ण निर्णय** दिए।

- पहले मामले में निर्णय किया गया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली **दिल्ली सरकार, दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश की सरकार के लिए काम करने वाली सिविल सेवाओं को नियंत्रित करेगी,** न कि केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल ।
- दूसरा मामला **शिवसेना पार्टी में "विभाजन" के बाद महाराष्ट्र में मौजूदा सरकार के गठन** से जुड़ा था।

**एक मूल सिद्धांत का विरोधाभासः**

- **महाराष्ट्र का फैसला दिल्ली मामले में लागू मूल सिद्धांत के विपरीत है।**
- समस्या इस तथ्य से उत्पन्न होती है कि महाराष्ट्र का फैसला संविधान की दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के अनुपालन में है, जो मूलतः संसदीय लोकतंत्र की अंतर्निहित संरचना के साथ असंगत है।
- दिल्ली मामले में **मुद्दा यह निर्धारित करना था कि दिल्ली सरकार में सिविल सेवाएं दिल्ली केविनेट या केंद्र सरकार के प्रति जवाबदेह होगी या नहीं।**

**दिल्ली का मामलाः**

- दिल्ली **एक विधायिका वाला केंद्र शासित प्रदेश** है, और शक्तियों का सीमांकन अनुच्छेद 239AA में किया गया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र का तात्पर्य लोगों के प्रति जवाबदेह सरकार से है।
- निर्णय स्पष्ट करता है कि इसमें आदेश की एक तिहरी श्रृंखला शामिल है: सिविल सेवा अधिकारी मंत्रियों के प्रति जवाबदेह होते हैं: मंत्री विधायिका के प्रति जवाबदेह होते हैं; और विधायिका मतदाताओं के प्रति जवाबदेह है।
- इस तिहरी श्रृंखला की किसी भी कड़ी को तोड़ना संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ होगा।
- इसलिए सिविल सेवाओं को दिल्ली कैबिनेट को रिपोर्ट करना होगा।

**महाराष्ट्र का मामलाः**

- न्यायालय ने फैसला सुनाया कि दसवीं अनुसूची विधायिका दल और राजनीतिक दल के बीच अंतर करती है।
- विधायिका दल में राजनीतिक दल से संबंधित सभी विधायक / संसद सदस्य शामिल होते हैं। इसने निर्धारित किया कि निर्देश जारी करने की शक्ति राजनीतिक दल के पास थी, न कि विधायिका दल के पास।
- इसलिए राजनीतिक दल का प्रभारी व्यक्ति उस दल के विधायकों/ सांसदों के प्रत्येक वोट को नियंत्रित करेगा।
- किसी भी विधायक / सांसद द्वारा इस तरह के निर्देश का पालन करने में विफल रहने पर उसे अयोग्यता ठहराया जाएगा।

**जवाबदेही की तिहरी श्रृंखला का टूटनाः**

- महाराष्ट्र पर यह फैसला विधायिका पर पार्टी नेतृत्व की शक्ति को और मजबूत करता है।
- यह इस विचार को पुष्ट करता है कि सांसद / विधायक मतदाताओं के प्रति जवाबदेह नहीं है, बल्कि केवल उस पार्टी के प्रति जवाबदेह है जिसने उन्हें चुनाव में उतारा है।
- ऐसा करने में, यह जवाबदेही की तिहरी श्रृंखला को तोड़ता है, जो कि दिल्ली के फैसले का एक अंतर्निहित सिद्धांत है।
- वास्तव में, निर्णय विधायकों के किसी पार्टी से संबद्धता के आधार पर चुने जाने की संभावना की निंदा करता है, जो बाद में उस पार्टी से अलग हो जाता है।
- महाराष्ट्र मामले के विपरीत, दिल्ली मामले में, न्यायालय ने कहा कि विधेयकों पर बहस, प्रश्नकाल के दौरान उठाए गए प्रश्नों, प्रस्तावों, बहसों और अविश्वास प्रस्तावों के माध्यम से सरकार का प्रतिदिन विधायिका में मूल्यांकन किया जाता है।
- यदि सदन में बहुमत वाले दल के विधायकों को राजनीतिक दल के निर्देशों का पालन करना पड़ता है, तो विधायिका द्वारा दैनिक मूल्यांकन का विचार अर्थहीन हो जाता है।

**समस्या यहाँ हैः**

- दिल्ली के फैसले में, वे मानक व्याख्या विधियों का उपयोग करके संविधान में अंतराल को स्पष्ट कर रहे थे।
- महाराष्ट्र के फैसले में, वे दसवीं अनुसूची की स्पष्ट भाषा द्वारा अपनी व्याख्या में बंधे हुए थे।
- समस्या दल-बदल विरोधी कानून के मूल विचार में निहित है, जो अपने मतदाताओं के प्रति विधायकों की जवाबदेही के लोकतांत्रिक सिद्धांत का खंडन करता है।

**प्रतिनिधि लोकतंत्र की व्याख्याः**

- दल-बदल विरोधी कानून इस धारणा पर आधारित है कि पार्टी के निर्देश के खिलाफ सांसद / विधायक द्वारा किया गया कोई भी वोट चुनावी जनादेश के साथ विश्वासघात है।
- यह प्रतिनिधि लोकतंत्र की गलत व्याख्या है।
- जबकि पार्टी संबद्धता चुनावों में एक महत्वपूर्ण तत्व है, यह मतदाताओं के लिए एकमात्र मानदंड नहीं है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को उस मामले में मान्यता दी है जहां यह अनिवार्य है कि सभी उम्मीदवारों को अपने आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और देनदारियों और शैक्षिक योग्यता से संबंधित जानकारी का खुलासा करना चाहिए ताकि मतदाताओं को एक जागरूक निर्णय लेने की अनुमति मिल सके।

**पुनर्विचार की आवश्यकता:**

- संसदीय लोकतंत्र की संवैधानिक रूपरेखा जवाबदेही की एक श्रृंखला की परिकल्पना करती है।
- विधायिका के प्रति सरकार की जवाबदेही दैनिक आधार पर होती है, और विधायकों को हर चुनाव में अपने मतदाताओं को अपने कार्यों का औचित्य सिद्ध करना होता है।
- दल-बदल विरोधी कानून श्रृंखला की दोनों कड़ियों को तोड़कर इस संरचना को खत्म कर देता है।
- विधायकों को पार्टी के आदेश का पालन करना होगा, भले ही वह सरकार को जवाबदेह ठहराने की प्रक्रिया को बाधित करता हो।
- बदले में, यदि उनके घटक उनसे सवाल करते हैं तो वे निर्णय लेने की स्वतंत्रता की कमी को आसानी से आधार बता सकते हैं।
- यह स्पष्ट रूप से संसदीय लोकतंत्र के केंद्रीय सिद्धांत का उल्लंघन है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।
- यह लोगों के प्रति सरकारों की जवाबदेही को पुन: प्राप्त करने का समय है।

## नई दिल्ली और नई वाशिंगटन सहमति

**संदर्भ:**

पिछले महीने के अंत में एक प्रमुख बयान में, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने चीन के साथ भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाने के लिए नीतिगत पहलों के एक सेट की रूपरेखा तैयार की।

- अमेरिका भारत सहित अपने सहयोगियों और भागीदारों से नए आर्थिक दृष्टिकोण पर व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहमति चाहता है।

**भारत की संलग्नता:**

- भारतीय प्रधान मंत्री ने G7 शिखर सम्मेलन, क्वाड शिखर सम्मेलन और वाशिंगटन एवं पेरिस की द्विपक्षीय यात्राओं में अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ जुड़ाव बढ़ाया। वैश्विक आर्थिक व्यवस्था का पुनर्गठन भारत के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय एजेंडे पर उच्च स्थान पर होगा।

**पुरानी वाशिंगटन सहमति से उत्पन्न हुई चुनौतियाँ:**

- इसने अमेरिकी अर्थव्यवस्था और समाज को बहुत नुकसान पहुंचाया।
- "बाजार सबसे अच्छे से जानते हैं" दृष्टिकोण ने अमेरिकी औद्योगिक आधार को खोखला कर दिया।
- अत्यधिक सरलीकृत बाजार दक्षता के नाम पर, उद्योगों और नौकरियों के साथ-साथ रणनीतिक वस्तुओं की पूरी आपूर्ति श्रृंखला, जिसने उन्हें विदेशों में स्थानांतरित कर दिया।
- यह धारणा कि "संपूर्ण संवृद्धि अच्छी संवृद्धि थी" (all growth was good growth) ने वित्त जैसे कुछ क्षेत्रों को विशेषाधिकार प्रदान किया, जबकि अन्य आवश्यक क्षेत्रों, जैसे सेमीकंडक्टर्स और बुनियादी ढाँचे में गिरावट आई।
- विश्व व्यापार संगठन में चीन जैसी "बड़ी गैर- बाजार अर्थव्यवस्था" के एकीकरण से एक समस्या उत्पन्न हुई है और "आर्थिक एकीकरण ने चीन को क्षेत्र में अपनी सैन्य महत्वाकांक्षाओं का विस्तार करने से नहीं रोका" पहले की धारणा के विपरीत कि आर्थिक एकीकरण शांति और जिम्मेदारी प्राप्त करने का एक तरीका है ।
- हरित आर्थिक विकास के लिए "न्यायसंगत और कुशल परिवर्तन" की तत्काल आवश्यकता है। यह घरेलू आर्थिक असमानता को कम करने की राजनीतिक अनिवार्यता है जिसने अमेरिकी लोकतंत्र को कमजोर कर दिया है।

**समाधान:**

- सुलिवान ने पांच बिंदुओं वाले नीतिगत ढांचे का उल्लेख किया है।
- औद्योगिक नीति की ओर लौटने के विकल्प को आर्थिक नवउदारवाद द्वारा खारिज कर दिया गया।
- यूएस का अंतिम लक्ष्य एक "मजबूत, लचीला और अग्रणी तकनीकी - औद्योगिक आधार है जो संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके समान विचारधारा वाले भागीदारों, स्थापित और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में समान रूप से निवेश कर सकता है और जिस पर एक साथ भरोसा किया जा सकता है।"
- आज की दुनिया में, व्यापार नीति को टेरिफ कटौती से कहीं अधिक होना चाहिए। इसका फोकस विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में विश्वास सुनिश्चित करने पर होना चाहिए जो तेजी से बढ़ती वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था का समर्थन करता है।
- स्थानीय समाधानों के साथ उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में निवेश करने की आवश्यकता है लेकिन इसे अमेरिकी आर्थिक कूटनीति के एक अलग ब्रांड द्वारा सक्षम पूंजी के साथ किया जाना चाहिए।
  - इसमें चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के विरुद्ध एक विकल्प की पेशकश करना, वैश्विक ऋण संकट को दूर करना और बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार करना शामिल है।
- संवेदनशील तकनीक पर निर्यात नियंत्रण का एक नया सेट विकसित करने का प्रयास किया जाए, जो चीन और अन्य प्रतिद्वंद्वियों से राष्ट्रीय सुरक्षा खतरों को सीमित करेगा।

**आर्थिक रणनीतियों में साझे विषय:**

- इनमें चीन की भू-आर्थिक चुनौती, वैश्वीकरण के लिए हठधर्मी प्रतिबद्धता के खतरे, राष्ट्रीय विनिर्माण को विकसित करने के लिए औद्योगिक नीति की आवश्यकता, समान विचारधारा वाले भागीदारों के बीच तकनीकी सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण, वैश्विक दक्षिण की आर्थिक चिंताओं को दूर करना और वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार शामिल हैं।

**असहमति:**

- वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को पुनर्व्यवस्थित करने में विशिष्ट परिणामों के विवरण के साथ-साथ प्राथमिकताओं की पहचान पर कई असहमतियां होंगी।
- नए अवसरों के निर्माण और नई समस्याओं के समाधान को भारत की आर्थिक शासन कला के लिए एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

**निष्कर्ष:**

- 1990 के दशक की शुरुआत में सुधार युग की शुरुआत में, भारत पुरानी वाशिंगटन सहमति से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा था। आज दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को सक्रिय रूप से नया आकार दे सकता है और देना भी चाहिए।

●●●